# 9th त्रैमासिक परीक्षा 2025

विषय कोड : **111**
Subject Code :

# 27 जून

CLASS-IX QUART... EXA... N, JUNE 2025
कक्षा - IX त्रैमासिक परीक्ष... 2025

CLASS-IX

## SOCIAL SCIENCE (Compulsory)
सामाजिक विज्ञान (अनिवार्य)

# सामाजिक विज्ञान

कुल प्रश्न ... कुल मुद्रित पृष्ठ : 20
Total Qu... : 20
(समय : 2 घंटे ...) ... : 80)
[ Time : 2 Hours 30 Minutes ] [ Full Marks : 80 ]

# Objective

निर्देश : ... शय ... गति के मामले में हिन्दी ... मान्य होगा।

Note : ... will be ... d.

प्रत्ये...
*Follow the instructions gi... er each type of questi... and answer acc... ...gly.*

खण्ड – अ / SECTION – A

वस्तु... प्रश्न / ...ective Type Q...s

# Subjective

प्रश्न संख... ...0 प्रश्नों
चुने गये ... 1 = 40
के उत्तर दें।

*Question Nos. 1 to 70 have four options, out of which only one is correct. You have to mark your selected option, on the OMR Sheet with blue/black ballpoint pen only. Answer any 40 questions.* 40 × 1 = 40

1. यूरोपवासियों ने दिशा सूचक यंत्र का प्रयोग किनसे सीखा ?
   (A) भारत (B) रोम
   (C) अरब (D) चीन

From whom did the Europeans learn the use of compass ?

(A) India (B) Rome

(C) The Arabs (D) China

2. वास्कोडिगामा किस देश का निवासी था ?

(A) स्पेन (B) पुर्तगाल

(C) इंग्लैंड (D) संयुक्त राज्य अमेरिका

Vasco da Gama was the resident of which country ?

(A) Spain (B) Portugal

(C) England (D) United States of America

3. विश्व में प्रथम लिखित संविधान किस देश में लागू हुआ ?

(A) इंग्लैंड (B) फ्रांस

(C) अमेरिका (D) स्पेन

In which country was the first written constitution implemented in the world ?

(A) England (B) France

(C) America (D) Spain

4. अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम में अमेरिका का सेनापति कौन था ?

(A) ग्रेनविले (B) जैफरसन

(C) लफाएते (D) वाशिंगटन

Who was the Commander of America in the American war of Independence ?

(A) Granville (B) Jefferson

(C) Lafayette (D) Washington

5. सप्तवर्षीय युद्ध किन दो देशों के बीच हुआ था ?

(A) ब्रिटेन-अमेरिका (B) फ्रांस-कनाडा

(C) ब्रिटेन-फ्रांस (D) अमेरिका-कनाडा

Which two countries were indulged in the seven year war ?

(A) Britain - America

(B) France - Canada

(C) Britain - France

(D) America - Canada

6. 'कॉमन सेंस' की रचना किसने की थी ?

(A) जैफरसन

(B) थॉमस पेन

(C) वाशिंगटन

(D) लफाएते

Who wrote 'Common Sense' ?

(A) Jefferson

(B) Thomas Paine

(C) Washington

(D) Lafayette

7. पृथ्वी की पहली परिक्रमा करने वाला पहला यात्री कौन था ?

(A) मैग्लेन

(B) कैप्टन कुक

(C) वास्कोडिगामा

(D) मार्को पोलो

Who was the first traveller to make the first circumnavigation of the earth ?

(A) Magellan

(B) Captain Cook

(C) Vasco da Gama

(D) Marco Polo

8. आज विश्व में किस प्रकार की शासन प्रणाली सर्वोत्तम मानी जाती है ?

(A) लोकतांत्रिक

(B) सैनिक

(C) कम्यूनिस्ट

(D) राजशाही

Which type of government is considered the best in the world today ?

(A) Democratic

(B) Military

(C) Communist

(D) Monarchy

9. भारत में नागरिकों के लिए मतदान की न्यूनतम आयु क्या है ?

(A) 21 वर्ष

(B) 20 वर्ष

(C) 19 वर्ष

(D) 18 वर्ष

What is the minimum voting age for citizens in India ?

(A) 21 years

(B) 20 years

(C) 19 years

(D) 18 years

10. लोकतंत्र में शासन कौन करते हैं ?

(A) जनता (B) सैनिक

(C) न्यायाधीश (D) चुनाव आयोग

Who rules in a democracy ?

(A) Public (B) Soldier

(C) Judge (D) Election Commission

11. वर्तमान समय में प्रत्यक्ष लोकतंत्र किस देश में है ?

(A) ब्रिटेन (B) स्विट्ज़रलैंड

(C) अमेरिका (D) फ्रांस

In which country is direct democracy prevalent at present ?

(A) Britain (B) Switzerland

(C) America (D) France

12. सैनिक शासन में शासन की बागडोर किसके हाथ में होती है ?

(A) संसद के हाथ में (B) जनता के हाथ में

(C) सेना/फौज के हाथ में (D) न्यायाधीशों के हाथ में

In a military regime who is responsible for governance ?

(A) In the hands of parliament

(B) In the hands of the people

(C) In the hands of the army/military

(D) In the hands of the judges

13. संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना कब हुई ?

(A) 1950 (B) 1945

(C) 1948 (D) 2000

When was the United Nations established ?

(A) 1950 (B) 1945

(C) 1948 (D) 2000

9
Dislike
0
Share

14. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य शासन का है ?

(A) नीति निर्धारण (B) कानून निर्माण

(C) जनता की सुरक्षा (D) इनमें से सभी

Which of the following is the function of Government ?

(A) Policy making (B) Law making

(C) Public safety (D) All of these

15. भारत और चीन के बीच की सीमा रेखा का नाम क्या है ?

(A) रेडक्लिफ लाइन (B) मैकमोहन लाइन

(C) ग्रीनवीच लाइन (D) इनमें से कोई नहीं

What is the name of the border line between India and China ?

(A) Radcliffe line (B) McMahon line

(C) Greenwich line (D) None of these

16. 'बिहार का शोक' किस नदी को कहा जाता है ?

(A) गंगा (B) गंडक

(C) कोसी (D) यमुना

Which river is called the 'Sorrow of Bihar' ?

(A) Ganga (B) Gandak

(C) Koshi (D) Yamuna

17. निम्नलिखित में से कौन सार्क का सदस्य देश नहीं है ?

(A) श्रीलंका (B) भूटान

(C) मालदीव (D) जापान

Which of the following is not a member country of SAARC ?

(A) Sri Lanka (B) Bhutan

(C) Maldives (D) Japan

18. हिमालय की कौन-सी श्रेणी बिहार के उत्तर-पश्चिमी छोर पर स्थित है ?

(A) महान हिमालय (B) शिवालिक

(C) मध्य हिमालय (D) पूर्वी हिमालय

9
Dislike
0
Share

Which range of Himalaya is situated on the North-West end of Bihar ?

(A) Greater Himalaya (B) Sivalik

(C) Middle Himalaya (D) Eastern Himalaya

19. भारत का सबसे प्राचीन भूखण्ड कौन-सा है ?

(A) प्रायद्वीपीय पठार (B) विशाल मैदान

(C) उत्तर का पर्वतीय भाग (D) तटीय भाग

Which is the most primitive land part in India ?

(A) Peninsular plateau (B) Great plains

(C) Mountainous region of the North (D) Coastal part

20. भारत के अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार में लगभग कितने डिग्री का अंतर है ?

(A) 45° (B) 40°

(C) 30° (D) 35°

What is the approximate difference in degree between the latitudinal and longitudinal extent of India ?

(A) 45° (B) 40°

(C) 30° (D) 35°

21. हिमालय के निर्माण में कौन-सा सिद्धांत सर्वमान्य है ?

(A) महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत (B) संवहन तरंग सिद्धांत

(C) प्लेट विवर्तनिक सिद्धांत (D) इनमें से कोई नहीं

Which theory is most accepted regarding the formation of Himalayas ?

(A) Continental drift theory (B) Convectional current theory

(C) Plate tectonic theory (D) None of these

22. निम्नलिखित में से किस राज्य से कर्क रेखा गुजरती है ?

(A) झारखंड (B) कर्नाटक

(C) तमिलनाडु (D) हिमाचल प्रदेश

The Tropic of Cancer passes through which of the following states ?

(A) Jharkhand (B) Karnataka

(C) Tamil Nadu (D) Himachal Pradesh

23. निम्नलिखित में कौन परमाणु ऊर्जा केन्द्र है ?

(A) कैगा (B) वाराणसी

(C) दिल्ली (D) मेरठ

Which among the following is nuclear power centre ?

(A) Kaiga (B) Varanasi

(C) Delhi (D) Meerut

24. अम्लीय वर्षा का सर्वाधिक प्रभाव कहाँ पड़ा है ?

(A) पटना (B) दामोदर घाटी

(C) उत्तरी बिहार (D) असम घाटी

Where does the acid rain have the greatest impact ?

(A) Patna (B) Damodar valley

(C) North Bihar (D) Assam Valley

25. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की साक्षरता दर क्या है ?

(A) 74·04% (B) 85·6%

(C) 52·6% (D) 55·6%

What is the literacy rate of India according to 2011 census ?

(A) 74·04% (B) 85·6%

(C) 52·6% (D) 55·6%

26. निम्नलिखित में से कौन मानवीय पूँजी नहीं है ?

(A) स्वास्थ्य (B) प्रशिक्षण

(C) अकुशलता (D) प्रबंधन

Which of the following is not a human capital ?

(A) Health (B) Training

(C) Inefficiency (D) Management

27. उत्पादन के कुल कितने प्रमुख साधन होते हैं ?

(A) तीन (B) चार

(C) पाँच (D) सात

9
Dislike
0
Share

How many total main factors of production are there ?

(A) Three (B) Four

(C) Five (D) Seven

28. निम्नलिखित में कौन उत्पादन का साधन नहीं है ?

(A) संगठन (B) उद्यम

(C) पूँजी (D) उपभोग

Which of the following is not a factor of production ?

(A) Organisation (B) Enterprise

(C) Capital (D) Consumption

29. निम्नलिखित में से कौन उत्पादक हैं ?

(A) बढ़ई (B) भिखारी

(C) ठग (D) शराबी

Which of the following is producer ?

(A) Carpenter (B) Beggar

(C) Thug (D) Drunker

30. जो व्यक्ति व्यवसाय में जोखिम का वहन करता है, उसे कहते हैं

(A) व्यवस्थापक (B) पूँजीपति

(C) उद्यमी (D) संचालक मंडल

The person who bears risk in business, is called

(A) organiser (B) capitalist

(C) entrepreneur (D) managing board

31. अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे ?

(A) जार्ज वाशिंगटन (B) अब्राहम लिंकन

(C) रूजवेल्ट (D) हिटलर

Who was the first president of the United States of America ?

(A) George Washington (B) Abraham Lincoln

(C) Roosevelt (D) Hitler

32. कोलंबस कहाँ का निवासी था ?

(A) स्पेन
(B) पुर्तगाल
(C) जेनेवा
(D) फ्रांस

Where was Columbus from ?

(A) Spain
(B) Portugal
(C) Geneva
(D) France

33. प्रथम विश्वयुद्ध कब आरंभ हुआ ?

(A) 1940 ई०
(B) 1947 ई०
(C) 1914 ई०
(D) 1920 ई०

When did the First World War begin ?

(A) 1940 A.D.
(B) 1947 A.D.
(C) 1914 A.D.
(D) 1920 A.D.

34. संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान कब लागू हुआ ?

(A) 1987 ई०
(B) 1789 ई०
(C) 1791 ई०
(D) 1793 ई०

When did the Constitution of the United States of America come into effect ?

(A) 1987 A.D.
(B) 1789 A.D.
(C) 1791 A.D.
(D) 1793 A.D.

35. हिटलर का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) जर्मनी
(B) इटली
(C) जापान
(D) आस्ट्रिया

Where was Hitler born ?

(A) Germany
(B) Italy
(C) Japan
(D) Austria

36. अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम का तात्कालिक कारण क्या था ?

(A) पेरिस की संधि
(B) बोस्टन टी पार्टी
(C) क्यूबेक एक्ट
(D) स्टाम्प एक्ट

9
Dislike
0
Share

What was the immediate cause of the American War of Independence ?

(A) Treaty of Paris (B) Boston Tea Party

(C) Quebec Act (D) Stamp Act

37. फिलाडेल्फिया का प्रथम सम्मेलन कब हुआ था ?

(A) 10 सितंबर, 1775 (B) 5 सितंबर, 1774

(C) 5 सितंबर, 1776 (D) 5 सितंबर, 1775

When was the first convention of Philadelphia held ?

(A) 10th September, 1775 (B) 5th September, 1774

(C) 5th September, 1776 (D) 5th September, 1775

38. रूसो किस सिद्धांत का समर्थक था ?

(A) समाजवाद (B) जनता की इच्छा

(C) शक्ति पृथक्करण (D) निरंकुशता

Rousseau was a supporter of which theory ?

(A) Socialism (B) General Will

(C) Separation of Power (D) Despotism

39. भौगोलिक खोजों के परिणामस्वरूप किस वर्ग को सबसे अधिक फायदा हुआ ?

(A) शासक वर्ग (B) व्यापारी वर्ग

(C) सैनिक वर्ग (D) कृषक वर्ग

Which class was benefitted the most as a result of geographical discoveries ?

(A) Ruling class (B) Business class

(C) Soldier class (D) Farmer class

40. भारत का संविधान कब लागू हुआ ?

(A) 26 नवंबर, 1949 (B) 15 अगस्त, 1947

(C) 9 जुलाई, 1948 (D) 26 जनवरी, 1950

When did the Constitution of India come into force ?

(A) 26th November, 1949 (B) 15th August, 1947

(C) 9th July, 1948 (D) 26th January, 1950

9
Dislike
0
Share

41. लोकतंत्र में किसका विकास नहीं हो पाता है ?

(A) नैतिक गुणों का
(B) भ्रष्टाचार का
(C) चरित्र का
(D) बंधुत्व का

Which cannot develop in democracy ?

(A) Moral virtues
(B) Corruption
(C) Character
(D) Brotherhood

42. अब्राहम लिंकन किस देश के राष्ट्रपति थे ?

(A) भारत
(B) फ्रांस
(C) अमेरिका
(D) नेपाल

Abraham Lincoln was the President of which country ?

(A) India
(B) France
(C) America
(D) Nepal

43. किस देश में प्राचीन समय में लोकतंत्र प्रचलित नहीं था ?

(A) भारत
(B) नेपाल
(C) चीन
(D) रोम

In which country was democracy not prevalent in ancient times ?

(A) India
(B) Nepal
(C) China
(D) Rome

44. निम्न में से कौन लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था वाला देश है ?

(A) चीन
(B) भारत
(C) अमेरिका
(D) (B) और (C) दोनों

Which of the following is a country with a democratic governance ?

(A) China
(B) India
(C) America
(D) Both (B) and (C)

45. लोकसभा का चुनाव कितने वर्षों के अंतराल पर होता है ?

(A) 4 वर्ष
(B) 5 वर्ष
(C) 6 वर्ष
(D) 10 वर्ष

After how many years does Lok Sabha election held ?

(A) 4 years (B) 5 years

(C) 6 years (D) 10 years

46. "लोकतंत्र जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए शासन प्रणाली है।" यह परिभाषा किसने दिया ?

(A) अरस्तू (B) एडम स्मिथ

(C) अब्राहम लिंकन (D) जार्ज वाशिंगटन

"Democracy is a system of governance of the people, by the people and for the people." Who gave this definition ?

(A) Aristotle (B) Adam Smith

(C) Abraham Lincoln (D) George Washington

47. किसे संविधान सभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया था ?

(A) जवाहरलाल नेहरू (B) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(C) डॉ० भीमराव अंबेडकर (D) सरदार वल्लभभाई पटेल

Who was elected as the President of the Constituent Assembly ?

(A) Jawaharlal Nehru (B) Dr. Rajendra Prasad

(C) Dr. Bhimrao Ambedkar (D) Sardar Vallabhbhai Patel

48. निम्नलिखित में से कौन लोकतंत्र की विशेषता नहीं है ?

(A) स्वतंत्र चुनाव (B) नागरिक अधिकार

(C) सैन्य शासन (D) कानून का शासन

Which of the following is not a feature of democracy ?

(A) Free election (B) Civil rights

(C) Military rule (D) Rule of law

49. भारत की मानक याम्योत्तर रेखा है

(A) 80°30′ पू० (B) 81°30′ पू०

(C) 82°30′ पू० (D) 83°30′ पू०

9
Dislike
0
Share

## ❖ प्रश्न 2: यूरोप में मध्यकाल को अंधकार युग क्यों कहा जाता है?

**उत्तर:**

यूरोप में **मध्यकाल (500 ई. से 1500 ई.)** को अक्सर "**अंधकार युग**" (**Dark Ages**) कहा जाता है, क्योंकि इस समय:

1. **शिक्षा और ज्ञान** का स्तर गिर गया था।
2. **विज्ञान और तकनीक** में कोई विशेष उन्नति नहीं हुई।
3. चर्च और पादरियों का प्रभाव बहुत अधिक था, जिससे लोगों की **सोच सीमित** हो गई थी।
4. **प्रगति और स्वतंत्र सोच** को दबा दिया गया था।

इसलिए इतिहासकारों ने इसे "अंधकार का युग" कहा, हालांकि अब सभी इतिहासकार इससे पूरी तरह सहमत नहीं हैं।

9
Dislike
0
Share

## ❖ प्रश्न 1: उपनिवेशवाद से आप क्या समझते हैं?

**उत्तर:**

**उपनिवेशवाद** एक ऐसी नीति या प्रक्रिया है, जिसमें कोई शक्तिशाली देश किसी दूसरे कमजोर देश या क्षेत्र पर अपना **राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक नियंत्रण** स्थापित करता है।
यह नियंत्रण ज़बरदस्ती होता है और शोषणकारी होता है। उपनिवेश बनाने वाले देश को "**औपनिवेशिक शक्ति**" और जिस देश पर कब्ज़ा किया जाता है, उसे "**उपनिवेश**" कहा जाता है।

**उदाहरण:**

ब्रिटेन ने भारत पर शासन कर उसे अपना उपनिवेश बनाया और भारत के संसाधनों का शोषण किया।

9
Dislike
0

## ❖ प्रश्न 6: लोकतंत्र क्या है?

**उत्तर:**

**लोकतंत्र** एक ऐसी शासन प्रणाली है जिसमें देश की सरकार **जनता द्वारा, जनता के लिए और जनता के माध्यम से** चुनी जाती है।

**मुख्य विशेषताएँ:**

1. जनता को **वोट देने का अधिकार** होता है।
2. सरकार जनता के प्रति **जवाबदेह** होती है।
3. सभी नागरिकों को **समान अधिकार** और स्वतंत्रता प्राप्त होती है।
4. प्रेस और अभिव्यक्ति की **स्वतंत्रता** होती है

**उदाहरण:** भारत, अमेरिका, फ्रांस जैसे देशों में लोकतांत्रिक शासन प्रणाली है।

9
Dislike
0
Share

## ❖ प्रश्न 5: लोकतंत्र में स्वतंत्र न्यायपालिका क्यों आवश्यक है?

**उत्तर:**

**लोकतंत्र में स्वतंत्र न्यायपालिका** इसलिए आवश्यक है क्योंकि:

1. **न्यायपालिका कानून के अनुसार न्याय देती है,** न कि सरकार के दबाव में।
2. यह **सरकार के किसी गलत फैसले को रोक सकती है** और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करती है।
3. अगर न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं होगी, तो जनता को **न्याय नहीं मिल पाएगा** और लोकतंत्र कमजोर हो जाएगा।
4. यह **संविधान की रक्षा करती है** और यह सुनिश्चित करती है कि सभी संस्थाएं अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में काम करें।

**निष्कर्ष:**

स्वतंत्र न्यायपालिका लोकतंत्र को मजबूत बनाती है और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करती है।

9
Dislike
0
Share

## ❖ प्रश्न 9: उत्पादन से आप क्या समझते हैं?

**उत्तर:**

**उत्पादन** का मतलब है –
किसी वस्तु या सेवा को इस तरह बनाना जिससे लोगों की **जरूरतें और इच्छाएँ पूरी** की जा सकें।

उदाहरण:

- किसान खेत में गेहूं उगाता है → यह **उत्पादन** है।
- फैक्ट्री में कपड़ा बनता है → यह भी **उत्पादन** है।

**निष्कर्ष:**
उत्पादन वह प्रक्रिया है जिसमें **संसाधनों का उपयोग करके वस्तुएँ या सेवाएँ तैयार की जाती हैं।**

9
Dislik
0

## ❖ प्रश्न 10: उत्पादन के प्रमुख साधन कौन-कौन से हैं?

**उत्तर:**

उत्पादन के चार मुख्य साधन होते हैं:

1. **भूमि (Land):**
   जिस पर खेती होती है या कारखाना बनाया जाता है।
2. **श्रम (Labour):**
   काम करने वाले लोग, जैसे किसान, मजदूर, आदि।
3. **पूंजी (Capital):**
   पैसे, औजार, मशीनें – जिनसे उत्पादन किया जाता है।
4. **उद्यमिता (Entrepreneurship):**
   वह व्यक्ति जो उत्पादन की योजना बनाता है और सब कुछ संगठित करता है।

9
Dislik
0

---

### ❖ प्रश्न 1: जलसंधि किसे कहते हैं?

**उत्तर:**

**जलसंधि** (Strait) एक **संकरी जलधारा** होती है जो **दो बड़े जलाशयों (जैसे–समुद्रों या महासागरों)** को आपस में जोड़ती है और **दो स्थलीय भागों (भूमियों)** को अलग करती है।

**उदाहरण:**

**पाक जलसंधि** भारत और श्रीलंका के बीच है।

**बेरिंग जलसंधि** एशिया और उत्तर अमेरिका को अलग करती है।

9
Dislike
0

## ❖ प्रश्न 16: गंगा के मध्य मैदान की चार विशेषताएँ बताइए।

**उत्तर:**
गंगा के मध्य मैदान की प्रमुख चार विशेषताएँ निम्नलिखित हैं:

1. **समतल भूमि:**
   यह क्षेत्र बहुत ही समतल (सीधा) और चौड़ा है, जिससे खेती और बस्तियाँ बसाना आसान होता है।

2. **उपजाऊ मिट्टी:**
   यहाँ की जलोढ़ मिट्टी (Alluvial Soil) बहुत उपजाऊ होती है, जिससे गेहूँ, चावल, गन्ना आदि फसलें आसानी से उगती हैं।

3. **घनी जनसंख्या:**
   यह क्षेत्र भारत के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, क्योंकि यहाँ जल, जमीन और रोजगार की अच्छी सुविधा है।

4. **नदियों का जाल:**
   इस मैदान में गंगा, यमुना, घाघरा जैसी नदियाँ बहती हैं जो सिंचाई और आवागमन में मदद करती हैं।

❖ प्रश्न 22: अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के तीन प्रमुख कारणों की व्याख्या करें।

**उत्तर:**

**अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम** (1775–1783) उस संघर्ष को कहते हैं जिसमें अमेरिका की 13 उपनिवेशों ने **ब्रिटिश शासन से आज़ादी** पाने के लिए लड़ाई लड़ी। इसके कई कारण थे, जिनमें से तीन प्रमुख कारण ये हैं:

---

### 1. करों का अत्यधिक बोझ (Taxation without Representation):

ब्रिटिश सरकार ने अमेरिकी उपनिवेशों पर कई कर लगाए, जैसे

**चीनी अधिनियम (Sugar Act)**

**स्टाम्प अधिनियम (Stamp Act)**

**चाय अधिनियम (Tea Act)**

लेकिन उपनिवेशवासियों को **ब्रिटिश संसद में कोई प्रतिनिधित्व नहीं**

9
Dislike
0
Share

## 2. बोस्टन चाय पार्टी (Boston Tea Party - 1773):

जब ब्रिटिश सरकार ने चाय पर कर लगाया, तो अमेरिकी लोगों ने विरोध में बोस्टन बंदरगाह पर ब्रिटिश जहाजों से चाय की पेटियाँ समुद्र में फेंक दीं।
यह घटना **ब्रिटिश सरकार के खिलाफ एक बड़ा विद्रोह** बन गई।

---

## 3. ब्रिटिश शासन का दमनकारी रवैया:

ब्रिटिश सरकार ने उपनिवेशों की **आज़ादी को कुचलने की कोशिश की**,

सैनिकों की तैनाती

व्यापार पर रोक

बोलने और इकट्ठा होने की आज़ादी छीनी गई
इससे लोगों में **गुस्सा और स्वतंत्रता की भावना** और तेज हो गई।

9

Dislike

0

❖ प्रश्न: लोकतंत्र की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें।

उत्तर:

**लोकतंत्र (Democracy)** एक ऐसी शासन प्रणाली है जिसमें सरकार **जनता द्वारा, जनता के लिए और जनता के माध्यम से** चुनी जाती है।

लोकतंत्र की प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार हैं:

---

### ✅ 1. जनता का शासन (Rule by the People):

सरकार को चुनने का अधिकार सीधे जनता को होता है। सभी नागरिकों को **वोट देने का अधिकार** होता है।

---

### ✅ 2. समानता (Equality):

लोकतंत्र में सभी नागरिक **कानून के सामने बराबर** होते हैं। धर्म, जाति, लिंग या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं होता।

9
Dislike
0
Share